बिहार सरकार
नागरिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना
(आपदा प्रबंधन विभाग)

**नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, आनन्दपुर, बिहटा, पटना में संचालित होने वाले आवासीय प्रशिक्षण में भोजन आपूर्ति से संबंधित आवश्यक सूचना।**

नागरिक सुरक्षा निदेशालय (आपदा प्रबंधन विभाग), बिहार, पटना, ऑफिसर्स फ्लैट 59, 60/84, न्यू पुनाईचक, पटना–800023 के अधीन नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, आनन्दपुर, बिहटा, पटना में संचालित होने वाले आवासीय प्रशिक्षण में भोजन आपूर्ति से संबंधित निविदा आमंत्रित की जा रही है।

भोजन आपूर्ति हेतु एजेंसियों से समाचार पत्र में निविदा प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर 05:00 बजे अपराह्न तक नागरिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना, ऑफिसर्स फ्लैट 59, 60/84, न्यू पुनाईचक, पटना–800023 के कार्यालय में मुहरबंद निविदा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा। अंतिम निविदा प्राप्ति तिथि के अगले कार्यदिवस को अपराह्न 02:00 बजे तकनीकी निविदा खोली जाएगी।

निविदा प्रक्रिया 2 Bid System के अनुसार दो अलग–अलग सीलबंद में प्राप्त किया जायेगा जिस पर स्पष्ट रूप से क्रमशः तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अंकित होगा। इन दोनों सीलबंद लिफाफे को बड़े लिफाफे में रखकर सीलबंद कर निर्धारित समय–सीमा के पूर्व समर्पित करना होगा। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा की शर्तों में किसी प्रकार के संशोधन अथवा बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार महानिदेशक–सह–आयुक्त, नागरिक सुरक्षा, बिहार के पास सुरक्षित रहेगा।

निविदा हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य सूचना आपदा प्रबंधन विभाग के वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/disastermgmt/CitizenHome.html पर देखा जा सकता है या इसे नागरिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना, ऑफिसर्स फ्लैट 59, 60/84, न्यू पुनाईचक, पटना–800023 के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(पंकज कुमार राज)
पुलिस अधीक्षक–सह–सहायक निदेशक,
नागरिक सुरक्षा, बिहार, पटना।

D>Ajeet>HemantSir>Tender

बिहार सरकार
नागरिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना
(आपदा प्रबंधन विभाग)

## निविदा आमंत्रण सूचना एवं शर्ते

नागरिक सुरक्षा निदेशालय (आपदा प्रबंधन विभाग), बिहार, पटना, ऑफिसर्स फ्लैट 59, 60/84, न्यू पुनाईचक, पटना–800023 के अधीन नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, आनन्दपुर, बिहटा, पटना में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को आवासीय प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है। इस प्रशिक्षण संस्थान में 100 व्यक्तियों के लिये रहने की व्यवस्था है एवं प्रायः 60–75 प्रशिक्षणार्थियों को 05 दिवसीय/07 दिवसीय/09 दिवसीय/12 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, आनन्दपुर, बिहटा अवस्थित इस प्रशिक्षण संस्थान में आवासीय प्रशिक्षण में भोजन आपूर्ति से संबंधित निविदा आमंत्रित की जा रही है।

भोजन आपूर्ति हेतु एजेंसियों से समाचार पत्र में निविदा प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर 05:00 बजे अपराह्न तक नागरिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना, ऑफिसर्स फ्लैट 59, 60/84, न्यू पुनाईचक, पटना–800023 के कार्यालय में मुहर बंद निविदा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/हाथों–हाथ के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा। अंतिम निविदा प्राप्ति तिथि के अगले कार्यदिवस को अपराह्न 02:00 बजे तकनीकी निविदा खोली जाएगी।

निविदा प्रक्रिया 2 Bid System के अनुसार दो अलग–अलग सीलबंद में प्राप्त किया जायेगा जिस पर स्पष्ट रूप से क्रमशः तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा अंकित होगा। इन दोनों सीलबंद लिफाफे को बड़े लिफाफे में रखकर सीलबंद कर निर्धारित समय–सीमा के पूर्व समर्पित करना होगा। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

### आवश्यक शर्ते

i. निर्धारित किये गये शर्तों पर चयनित एजेंसी/एजेंसियों को एकरारनामा निष्पादित करना होगा। यह एकरारनामा 02 वर्ष के लिए होगा, जिसे संतोषजनक कार्य की स्थिति में आगे बढ़ाया जा सकेगा और यह विस्तार अधिकतम 01 (एक) वर्षों तक ही किया जा सकेगा।
ii. शर्तों के अनुरूप आपूर्ति उपलब्ध नहीं कराने वाली एजेंसी को काली सूची में डालने की प्रक्रिया तथा अन्य कानूनी कार्रवाई की जायगी।
iii. निविदा की शर्तों में किसी प्रकार के संशोधन अथवा बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार पुलिस अधीक्षक–सह–अध्यक्ष, नागरिक सुरक्षा, बिहार के पास सुरक्षित रहेगा।
iv. पुलिस अधीक्षक–सह–सहायक निदेशक, नागरिक सुरक्षा, बिहार, पटना के नाम से रू0 25000/– (पच्चीस हजार रू0) का डिमांड ड्राफ्ट निविदा के साथ Earnest Money Deposit के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। डिमांड ड्राफ्ट निविदा के साथ अनुपलब्ध रहने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कोटेशन अस्वीकृत होने की स्थिति में उक्त Earnest Money Deposit की राशि वापस कर दी जाएगी। सफल कोटेशन दाता के Earnest Money Deposit की राशि उक्त एजेंसी से एकरारनामा के बाद उतनी ही राशि की Perfomance Bank Guarantee प्राप्त करने के पश्चात् लौटायी जाएगी। Earnest Money Deposit की राशि की वैधता एकरारनामा तक रखनी होगी एवं इस पर किसी प्रकार का सूद देय नहीं होगा।

v. प्रशिक्षण संस्थान में किचेन की व्यवस्था है, चयनित एजेंसियों को भोजन बनाने के लिये सामान/उपकरणों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

**तकनीकी निविदा**

i. एजेंसी/फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र यथा (Shop & Establishment Act/ Companies Act के अन्तर्गत निबंधन संख्या) की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
ii. GST निबंधन संख्या एवं GST निबंधन प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
iii. पिछले 3 वर्षों का आयकर रिटर्न संबंधी प्रमाण–पत्र साथ ही पैन कार्ड की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
iv. काली सूची में दर्ज नहीं होने से संबंधी शपथ–पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
v. कार्य करने का न्यूनतम 03 वर्ष का कार्य अनुभव से संबंधी प्रमाण पत्र।
vi. आपूर्ति किये गये भोजन के विपत्र का भुगतान प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के समापन के उपरान्त किया जायेगा।
vii. भोजन की गुणवता सरकार द्वारा तय मानक (fssai) एवं संलग्न Menu के अनुरूप होनी चाहिए।
viii. सभी समर्पित कागजात के सही होने का शपथ–पत्र मूल में समर्पित करना होगा।
ix. तकनीकी निविदा का चयन निर्धारित प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। प्राप्तांक का मापदण्ड निम्नवत हैः–

## निर्धारित प्राप्तांक का मापदण्ड

**1. अनुभव– 05 वर्ष तक**

i. 03 वर्ष– 10 अंक
ii. 03 से 05 वर्ष– 15 अंक
iii. 05 वर्ष– 20 अंक

**2. एजेंसी का वार्षिक Turn Over**

i. रू0 01 करोड तक – 10 अंक
ii. रू0 01–1.5 करोड़ – 15 अंक
iii. रू0 1.5–02 करोड़ – 20 अंक

**3. EPFO धारित कर्मियों की संख्या**

i. 01–05 कर्मी – 10 अंक
ii. 05–10 कर्मी – 15 अंक
iii. 10–15 कर्मी – 20 अंक

**4. PRESENTATION – 15 अंक**

**कुल –75 अंक**

तकनीकी निविदा में कम से कम 50 अंक प्राप्त करने होगें। एवं न्यूनतम 03 निविदा निर्धारित अंक तक प्राप्त होने पर ही विचार किया जायेगा। 50 अंक से कम अंक प्राप्त होने पर निर्धारित अंक को निदेशालय स्तर से 50 से कम किया जा सकता है।

**वित्तीय निविदा**

i. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदा दिनांक ............................... को .................. बजे खोली जोएगी।
ii. वित्तीय निविदा में वर्णित राशि सभी कर को समाहित करते हुए ही दी जायेगी।
iii. वित्तीय निविदा इस निविदा आमंत्रण सूचना के साथ संलग्न विहित प्रपत्र में ही देना होगा। किसी अन्य प्रपत्र में समर्पित वित्तीय निविदा अस्वीकार कर दिया जायेगा।

विस्तृत निविदा हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत निविदा की सूचना आपदा प्रबंधन विभाग के वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/disastermgmt/CitizenHome.html पर देखा जा सकता है या इसे नागरिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना, ऑफिसर्स फ्लैट 59, 60/84, न्यू पुनाईचक, पटना–800023 के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(पंकज कुमार राज)
पुलिस अधीक्षक–सह–सहायक निदेशक,
नागरिक सुरक्षा, बिहार, पटना।

D>Ajeet>HemantSir>Tender

# भोजन आपूर्ति हेतु तकनीकी निविदा का प्रपत्र

| क्र० | संलग्नक किये जाने वाले कागजात | संबंधित कागजातों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें। |
|---|---|---|
| 1 | एजेंसी /फर्म का निबंधन प्रमाण पत्र यथा ( Shop & Establishment Act/ Companies Act के अन्तर्गत निबंधन संख्या) | |
| 2 | GST निबंधन का प्रमाण पत्र। | |
| 3 | आयकर संबंधी प्रमाण पत्र यथा–पैन कार्ड। | |
| 4 | काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी शपथ पत्र। | |
| 5 | कार्य करने का न्यूनतम 03 वर्ष का कार्य अनुभव से संबंधित कागजात। | |
| 6 | पुलिस अधीक्षक–सह–सहायक निदेशक, नागरिक सुरक्षा, बिहार, पटना के नाम से रू0 25000/– (पच्चीस हजार रू0) का डिमांड ड्राफ्ट Earnest Money Deposit के रूप में। | |
| 7 | सभी समर्पित कागजात के सही होने का शपथ पत्र मूल में। | |

निविदादाता का पूर्ण हस्ताक्षर :–..................................

एजेंसी/फर्म का नाम एवं मोबाईल नंम्बर :–..................................

# भोजन आपूर्ति हेतु वित्तीय निविदा का प्रपत्र

| क्र० | भोजन का प्रकार | दर |
|---|---|---|
| 1 | नास्ता | |
| 2 | दोपहर का भोजन | |
| 3 | संध्या का अल्पाहार | |
| 4 | रात्रि का भोजन | |
| | **कुल योग (एक दिन)** | |

निविदादाता का पूर्ण हस्ताक्षर :–.................................

एजेंसी / फर्म का नाम एवं मोबाईल नंम्बर :–................................

D>Ajeet>HemantSir>Tender

## नागरिक सुरक्षा निदेशालय, बिहार, पटना
## (आपदा प्रबंधन विभाग)

संस्थानः—CDTI आनन्दपुर, बिहटा, पटना

नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, आनन्दपुर, बिहटा, पटना में संचालित होने वाले आवासीय प्रशिक्षण में भोजन आपूर्ति तालिका का विवरणी निम्नवत हैः—

### भोजन तालिका

| दिन | नास्ता (पूर्वाह्न 08:15 से 08:45 बजे तक) | दोपहर का भोजन (अपराह्न 01:00 से 02:00 बजे तक) | संध्या का अल्पाहार (अपराह्न 04:00 से 04:15 बजे तक) | रात्रि का भोजन (अपराह्न 08:00 से 09:00 बजे तक) |
|---|---|---|---|---|
| सोमवार | भटोरा—2, छोला, अचार | चावल, रोटी, दाल, चिकेन (दो पीस) या पनीर, सलाद, पापड़, अचार । | चाय, बिस्किट | रोटी,दाल, मौसमी सब्जी |
| मंगलवार | सत्तू पराठा—2, सब्जी, अचार | चावल, रोटी, दाल, मौसमी सब्जी, भुजिया / चोखा, सलाद, पापड़, अचार या चटनी। | चाय, बिस्किट | रोटी, खीर, भुजिया, सब्जी |
| बुधवार | पूरी—6, सब्जी, भुजिया | चावल, रोटी, दाल, मछली (दो पीस) या पनीर, सलाद, पापड़, अचार। | चाय, बिस्किट | रोटी, दाल, मौसमी सब्जी, भुजिया |
| गुरूवार | ब्रेड पकौड़ा—2 सॉस, केला—2, | जीरा राईस, रोटी, दाल मिक्स, मौसमी सब्जी, भुजिया / चोखा, सलाद, पापड़, अचार या चटनी। | चाय, बिस्किट | रोटी, चावल, दाल, मौसमी सब्जी |
| शुक्रवार | आलू पराठा—2, सॉस, मौसमी फल—1, अंडा—2 | रोटी, चावल, दाल, पनीर, भुजिया / चोखा, पापड़, चटनी, मिठाई (1 अदद)। | चाय, बिस्किट | पूरी, मौसमी सब्जी, सेवई |
| शनिवार | पूरी—5, सब्जी, भुजिया, अचार | चावल, रोटी, दाल, मौसमी सब्जी, भुजिया / चोखा, सलाद, पापड़, अचार या चटनी। | चाय, बिस्किट | रोटी, चावल, दाल, पनीर, भुजिया / चोखा, पापड़ |
| रविवार | आलू पराठा—2, दही, केला—2 | जीरा राईस, रोटी, दाल मिक्स, मौसमी सब्जी, भुजिया / चोखा, सलाद, पापड़, अचार या चटनी। | चाय, बिस्किट | रोटी, चावल, अण्डा करी—2, सब्जी |